# गुरु घासीदास विष्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**प्रेस–विज्ञप्ति** **दिनांक : 12.10.2011**

**बिलासपुर** : गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों की इनदिनों बल्ले–बल्ले है। विश्वविद्यालय की महिला खो–खो टीम ने जहां **आल इण्डिया विश्वविद्यालयीय महिला खो–खो प्रतियोगिता** के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है वहीं विश्वविद्यालय की लान टेनिस महिला टीम ने भी अखिल भारतीय अन्तरविश्वविद्यालयीय लान टेनिस महिला प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस उपलब्धि के लिए माननीय कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी ने दोनों टीमों को बधाई दी है।

शारीरिक शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष श्रीवास्तव के अनुसार आल इण्डिया विश्वविद्यालयीय खो–खो स्पर्धा के लिए चार टीमें चयनित हुई हैं जिसमें गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर, पण्डित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर, कल्याणी विश्वविद्यालय कल्याणी, वेस्ट बंगाल राज्य विश्वविद्यालय शामिल हैं। इनके मध्य 13 अक्टूबर, 2011 को लीग मैच खेला जायेगा। उन्होंने बताया कि गत 4 अक्टूबर से 6 अक्टूबर,11 तक कलिंगा तकनीकी औद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर की मेजबानी में आयोजित पूर्वी क्षेत्र अन्तरविश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की लान टेनिस महिला टीम ने भी अखिल भारतीय अन्तरविश्वविद्यालयीय लान टेनिस महिला प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्रता प्राप्त कर ली है। विश्वविद्यालय की लान टेनिस महिला टीम में यूटीडी बिलासपुर से मुक्ता मिश्रा, सीएमडी महाविद्यालय बिलासपुर से सुभाश्री व सरिता रानी शामिल हैं। इसके साथ तीन अन्य टीमों ने भी पात्रता प्राप्त की है जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, के.आई.आई.आई.टी. भुवनेश्वर तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय शामिल हैं। यह प्रतियोगिता दिनांक 24 नवम्बर से 27 नवम्बर तक के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर में आयोजित होगी। अखिल भारतीय अन्तरविश्वविद्यालयीय लान टेनिस (महिला) प्रतियोगिता में चारों क्षेत्र–पूर्वी, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण क्षेत्र की चार–चार टीमें भाग लेंगी।

## दूसरे दिन भी विजयी रही मेजबान टीम

दिनांक 12 अक्टूबर, 2011 को पूर्वी क्षेत्र अन्तरविश्वविद्यालयीय महिला खो–खो स्पर्धा में **पहला मैच** कल्याणी विश्वविद्यालय एवं बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर के विरुद्ध खेला जाना था जिसमें कल्याणी विश्वविद्यालय को वाकओवर मिला।

**दूसरा मैच** पण्डित रविशंकर विश्वविद्यालय के विरुद्ध कोई भी टीम नहीं होने के कारण उसे वाक ओवर दे दिया गया।

**तीसरा मैच** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय एवं सरगुजा विश्वविद्यालय अम्बिकापुर के विरुद्ध खेला गया जिसमें गुरु घासीदास विश्वविद्यालय 08 अंक से विजयी रही।

**चौथा मैच** बी.एच.यू. वाराणसी एवं वेस्ट बंगाल राज्य विश्वविद्यालय के विरुद्ध खेला गया जिसमें वेस्ट बंगाल पहली पारी और 03 अंक से विजयी रही।

**पांचवां मैच** कल्याणी विश्वविद्यालय एवं डीडीयू गोरखपुर के विरुद्ध खेला गया जिसमें कल्याणी विश्वविद्यालय पहली पारी और 06 अंक से विजयी रही।

**छठवां मैच** पण्डित रविशंकर विश्वविद्यालय एवं उत्कल विश्वविद्यालय भुवनेश्वर के विरुद्ध खेला गया जिसमें रविशंकर विश्वविद्यालय पहली पारी और 06 से विजयी रही।

**सातवां मैच** कल्याणी विश्वविद्यालय एवं वेस्ट बंगाल राज्य विश्वविद्यालय के बीच खेला गया जिसमें वेस्ट बंगाल राज्य विश्वविद्यालय दो मिनट 50 सेकेण्ड पहले 01 से विजयी रही।

**आठवां मैच** कल्याणी विश्वविद्यालय एवं विद्यासागर विश्वविद्यालय मिदनापुर के विरुद्ध खेला गया जिसमें कल्याणी विश्वविद्यालय 06 अंक से विजयी रही।

## कुलपति ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

यू.एस.ए. की यात्रा से लौटने के बाद माननीय कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी ने दिनांक 12 अक्टूबर, 2011 को सुबह पूर्वी क्षेत्र अंतरविश्वविद्यालयीय महिला खो–खो स्पर्धा में शामिल होने आये विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों का हालचाल लिया। साथ ही उनके आवासीय व्यवस्था व खान–पान व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। इसी क्रम में उन्होंने कई मैचों के दौरान स्वयं उपस्थित होकर महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उप कुलपति डॉ. पी.सी. उपाध्याय, कुलसचिव प्रो.एम.एस.के. खोखर, आयोजन समिति के संगठन सचिव डॉ. मनीष श्रीवास्तव सहित शारीरिक शिक्षण विभाग के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## महिला खो–खो स्पर्धा का समापन समारोह 14 अक्टूबर को

पूर्वी क्षेत्र अन्तरविश्वविद्यालयीय महिला खो–खो स्पर्धा का समापन दिनांक 14 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक श्री अरुण देव गौतम होंगे। समारोह की अध्यक्षता माननीय कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी करेंगे। यह जानकारी स्पर्धा आयोजन समिति के संगठन सचिव डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने दी है।

**मीडिया प्रभारी**